






नवभारत 02

इंदौर, शनिवार, 10 जनवरी 2026


## एक नजर में

### स्कूलों में संचालित वाहनों को लेकर परिवहन अधिकारी ने ली बैठक, सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश




**रतलाम।** स्कूल में संचालित हो रहे वाहनों में विद्यार्थियों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर परिवहन अधिकारी ने बैठक ली। इसमें सुरक्षा और सुरक्षा को लेकर निर्देश दिए गए। कलेक्टर मिशा सिंह के आदेशानुसार कलेक्टर सभागृह में जिला परिवहन अधिकारी जगदीश बिल्लौरे एवं डीएसपी ट्रैफिक द्वारा स्कूलों में संचालित वाहन जैसे ऑटो, टाटा मैजिक, ई-रिक्शा चालको एवं स्कूल बसों के चालकों के साथ बैठक ली गई। बैठक में वाहन मालिको एवं वाहन चालकों को आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कर वाहन संचालित करने को कहा गया एवं बच्चों की सुरक्षा संबंधित विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

### अपील : विद्युतीकृत रेलवे लाइन के पास पतंग न उड़ाएं, दुर्घटना हो सकती है

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पूरी तरह विद्युतीकृत रेल मंडल है। विद्युतीकृत होने के कारण रेलवे लाइनों के ऊपर 25000 वोल्ट के ओवर हेड तार लगे हुए हैं। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उत्तरायण आने वाला है और इस समय काफी संख?या में पतंगे उड़ाई जाती है। यह देखने में आया है कि वर्तमान में पतंग उड़ाने के लिए मेटलिक धागे का उपयोग किया जा रहा है जिसके कारण 25000 वोल्ट के तारों के आस-पास पतंग उड़ाने से उन्हें जान लेवा झटका लग सकता है। रेलवे लाइनों से दूर पतंग उड़ाएं तथा त्यौहार के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना से दूर रहें।

### विश्व हिन्दी दिवस पर विचार संगोष्ठी आज

**रतलाम।** साहित्यिक संस्था अनुभूति के तत्वावधान में नूतन साहित्यिक कार्यक्रम की श्रृंखला में विश्व हिन्दी दिवस दिं. 10 जनवरी 2026 के उपलक्ष्य में शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला, डॉ. शोभना तिवारी, प्रणयेश जैन, सुश्री शिवकांता भदौरिया, हरिशंकर भटनागर की उपस्थित में नृसिंह मंदिर नागरवास पैलेस रोड़ रतलाम पर समय प्रात:: 10.30 बजे आयोजित किया जाएगा। विचार संगोष्ठी में विद्वान वक्ता वैश्विक हिन्दी के विकास के सम्बंध में अपने विचार व्यक्त करेंगे। उक्त जानकारी अनुभूति संस्था के संरक्षक दिनेश कुमार जैन, अध्यक्ष डॉ. मोहन परमार एवं सचिव मुकेश सोनी ने विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

### निशुल्क कृत्रिम पैर शिविर का आयोजन 19 जनवरी को उज्जैन में किया जाएगा

**रतलाम।** प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वर्षा कुरील ने बताया कि रोटरी क्लब ऑफ उज्जैन ग्रेटर द्वारा रत्नानिधि चेरिटेबल ट्रस्ट, मुंबई के सौजन्य एवं रोटरी क्लब ऑफ इंदौर अपटाऊन के सहयोग से नि:शुल्क कृत्रिम पैर चिन्हांकन शिविर का आयोजन 19 जनवरी सोमवार को प्रशांति गार्डन, होटल अंजूश्री के सामने, इंदौर रोड़, उज्जैन पर किया जाएगा। इस शिविर में पैर का माप लिया जायेगा व तद्नुसार प्रत्येक व्यक्ति के हिसाब से कृत्रिम पैर, तीन सप्ताह बाद लगाया जायेगा। जिन व्यक्तियों के पैर, घुटने के ऊपर या नीचे की तरफ से किसी दुर्घटनावश कट गए हैं, उन्हें वजन में हल्के और उच्च गुणवत्ता वाले कृत्रिम पैर आसानी से लगाए जा सकते हैं।

# प्रशासन गांव पहुंचा तो ग्रामीण बोले - गंदा पानी आ रहा

## प्रशासन गांव की ओर अभियान में स्कूल, आंगनबाड़ी एवं निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम/आलोट।** प्रशासन अभियान के गांव पहुंचा। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से पास पहुंचकर चर्चा की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में गंदा पानी आ रहा है और पूरा गांव परेशान हैं। इस पर कलेक्टर ने

**कलेक्टर ने पीएचई को दिए टेस्टिंग के निर्देश**

पीएचई को टेस्टिंग के निर्देश दिए।

"प्रशासन गांव की ओर अभियान" के तहत शुक्रवार को सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने करवाखेड़ी आलोट क्लस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायतों मे पहुँच कर आमजन की समस्याएं सुनी एवं समाधान योग्य समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया एवं जिला स्तर एवं राज्य स्तर से समाधान योग्य समस्याओं को अनुश्रुवण पंजी मे दर्ज किया गया। क्लस्टर पंचायत मुख्यालय करवाखेड़ी पर सभी पंचायतों के नोडल अधिकारियों की कलेक्टर मिशा सिंह द्वारा ग्राम पंचायतवार समीक्षा की गई। कार्यक्रम मे सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन, एसडीएम आलोट रचना शर्मा, सीईओ जनपद आलोट पूजा गुप्ता सहित जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं मैदानी शासकीय कर्मचारी उपस्थित थे।

"प्रशासन गांव की ओर अभियान" के



तहत कलेक्टर मिशा सिंह ने प्रशासनिक अमले के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची। उन्होंने ग्राम कोठरी ताल मे आम जन से चर्चा की। ग्रामीण जनो ने गाव में गंदा पानी आने की बात कही गई। कलेक्टर ने पी एच ई विभाग को पानी की टेस्टिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र आक्याकला मे भोजन की गुणवत्ता देखी एवं बच्चों से फीडबैक लिया। आंगनबाड़ी केंद्र आक्याकला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किचनशेड में बन रहे मध्याह्न भोजन की सब्जी, दाल रोटी खाकर गुणवत्ता देखी। रसोईयनो से चर्चा कर राशन एवं मानदेय के बारे में चर्चा की। रसोईयनो का चार माह का लंबित मानदेय भुगतान करवाने के निर्देश दिए। बच्चों को दिए जा रहे टेक होम राशन एवं पोषण आहार की स्थिति जांची। बच्चों को नाश्ते मे दी गई खिचड़ी को टेस्ट कर गुणवत्ता जाची। आगनवाडी केन्द्र आक्याकला के गेट के सामने बच्चों की सुरक्षा के लिए नाली को कवर करने के लिए निर्देशित किया। केन्द्र पर बच्चों की उपस्थिति कम होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए आंगनवाड़ी मे सभी बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को दिए। सभी गर्भवती महिलाओं को दर्ज कर टीकाकरण, पोषण आहार एवं अन्य सभी सेवाए उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। आगनवाडी एवं स्कूल परिसर में बने वाशबेसिन की मरम्मत का काम एवं परिसर में पेयजल की व्यवस्था करवाने के निर्देश पी एच ई को दिए।

### निर्माणाधीन कार्यो का निरीक्षण कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश



कलेक्टर मिशा सिंह ने निर्माणाधीन ग्राम पंचायत भवन कोठडी ताल का निरीक्षण किया। हाई स्कूल परिसर में निर्माणाधीन कम्प्यूटर लैब का कार्य अप्रैल 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। शासकीय एकीकृत हाई स्कूल कोठडी ताल में कम्प्यूटर लैब, साइंस लैब एवं कक्षाओं में शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया। स्कूल के निर्माणाधीन खेल मैदान का निरीक्षण कर काम फरवरी 2026 तक पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। स्कूल में वॉशरूम का निरीक्षण किया तथा शिक्षकों की ई अटेंडेंस की जानकारी भी प्राप्त की। कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्र आक्या कला के समीप बन रहे आयुष्मान आरोग्य मंदिर के संबंध में सब इंजीनियर एनएचएम से भवन निर्माण की जानकारी ली। इंजीनियर ने बताया कि वर्तमान में टंकी बनने, लाइट, और फिनिशिंग का कार्य शेष है, कार्य पूर्ण होने के उपरांत हैंड ओवर की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने भवन निर्माण के संबंध में उचित गुणवत्तायुक्त भवन निर्माण की पुष्टि होने के बाद ही हैंड ओवर करने के निर्देश दिए। इस दौरान बी एम ओ आलोट डॉक्टर देवेंद्र मौर्य, तथा डॉक्टर प्रमोद प्रजापति उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आज करेंगे मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह 10 जनवरी को विधायक सभागृह बरबड़ में होगा। इसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश

**काश्यप फाउंडेशन के आयोजन 2500 मेधावी विद्यार्थियों का होगा सम्मान**

अध्यक्ष हेमंत खंडेवाल रहेंगे। अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप करेंगे। विशेष अतिथि महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय रहेंगे। समारोह में करीब 2500 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। फाउंडेशन अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप द्वारा नगर की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है। शिक्षा सत्र 2024-25 के प्रतिभा सम्मान समारोह में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत और उससे अधिक अंक लाने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। 93 प्रतिशत एवं इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 121 मेधावी विद्यार्थी अतिथियों के साथ मंच साझा करेंगे। सभी मेधावी विद्यार्थियों को अभिभावकों की उपस्थिति में रिस्ट वॉच एवं शील्ड से सम्मानित किया जाएगा। विद्यार्थी अपने कूपन साथ लेकर कार्यक्रम स्थल पहुंचकर पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगे।



चेतन्य काश्यप फाउंडेशन वर्ष 2014 से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर रहा है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। समिति के सर्व शैलेंद्र डागा (पूर्व महापौर), निर्मल लुनिया, महेंद्र नाहर, सोना शर्मा, मनोज शर्मा, मुकेश सोनी एवं आनंद जैन व मेधावी विद्यार्थी और परिजनों को उपस्थित रहने का आव्हान किया है।

## कर्मचारियों एवं अधिकारियों की सतर्कता परखने हेतु मॉक ड्रिल आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के अंतर्गत रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों की आपदा प्रबंधन क्षमताओं के आकलन हेतु एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य किसी संभावित दुर्घटना की स्थिति में निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करना था।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 09 जनवरी 2026 को दोपहर 13.55 बजे मंडल कंट्रोल कार्यालय को सूचना प्राप्त हुई कि फतेहाबाद चंद्रावतीगंज-चिंतामन गणेश सेक्शन के मध्य समपार संख्या 4 पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के रोल डाउन हुई है। सूचना मिलते ही रेलवे राहत गाड़ी, एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन (ए.आर.टी.), एक्सीडेंट रिलीफ मेडिकल इक्विपमेंट (ए.आर.एम.ई.) तथा चिकित्सा दल को तत्काल सतर्क किया गया। निर्धारित समयावधि में एआरटी एवं एआरएमई पूर्ण तैयारी के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुईं।

राहत एवं बचाव कार्य के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा इक्यूपमेंट का घटना स्थल पर निर्धारित समयावधि में पहुँचने के उपरांत इस घटना को मॉक ड्रिल घोषित किया गया। संपूर्ण अभ्यास वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री डी.एम. सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## कार से अवैध शराब का परिवहन करते गिरफ्तार

**आलोट।** पुलिस ने कार से अवैध शराब परिहन के मामले में कार्रवाई कर गिरफ्तारी की हैं। मुखबीर सुचना पर कार्यवाही करते हुए घटना स्थल छत्री के पास आम रोड जीवनगढ पर ताल तरफ से आई सफेद रंग की ब्रेजा कार क्रमांक एमपी 43 सीबी 1635 की तलाशी लेते उसकी डिक्की के अंदर से 08 पेटी देशी प्लेन शराब, 04 पेटी देशी मसाला शराब मिली जिस पर आरोपी रामसिहं पिता नेपाल सिंह सोंधिया राजपुत उम्र 28 साल निवासी ग्राम बर्डिया राठौर के कब्जे से उक्त शराब की पेटियो को जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना आलोट पर अपराध क्रमांक 13/2026 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है।

## हिन्दू सम्मेलन को लेकर नगर केसरिया पताकाओं से सजा

**सैलाना।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य मे हिन्दू जागरण की नई दिशा को नव ऊर्जा व चेतना प्रदान करने हेतु सर्व हिन्दू समाज द्वारा सनातन संस्कृति- सनातन धर्म व सामाजिक एकता के प्रतीक स्वरूप देशभर मे आयोजित हिन्दू सम्मेलन की श्रेणी मे नगर मे 11 जनवरी रविवार को दो बस्तियों श्री राम बस्ती और महावीर बस्ती में विशाल आयोजन आयोजित किया जाएगा।

इसी सिलसिले में आयोजन समितियां जोरों शोरों से तैयारियों में लगी हुई है। आयोजकों ने बताया कि मनीष धाभाई जी की बावड़ी मे श्री राम बस्ती के आयोजन के लिए शांतिलाल कुमावत को सयोंजक बनाया गया है वही महावीर बस्ती के लिए बद्रीलाल शर्मा को सयोंजक बनाया गया है जिसका आयोजन सागर वाटिका मे किया जाना है। कार्यक्रम को लेकर सैलाना का



समस्त हिन्दू समाज एकजुट होकर विभिन्न विषयों पर चर्चा, मंथन करेगा, साथ ही सभी का सहभोज भी वहीं आयोजित होगा। श्री राम बस्ती में नगर के वाल्मीकि बस्ती, बस स्टैंड, भोई मोहल्ला, रांका गली, बावड़ी मोहल्ला, कबिट चौराहा, दिलीप मार्ग, उदय विहार कॉलोनी और बागरियों की खेड़ी क्षेत्र के हिंदू भाग लेंगे। जिसके लिए आयोजक समिति समस्त हिन्दू परिवार को डोर टू डोर पहुंचकर आमंत्रण पत्रक वितरण के साथ निधि संग्रह का कार्य भी कर रही है, तैयारीयों को लेकर नगर केसरिया पताकाओ व भगवा ध्वजो से सजाया गया है। इस दौरान आयोजकों द्वारा सभी व्यापारियों से नगर बंद का आव्हान भी किया जा रहा है, ताकि आयोजन में सभी परिवार सहित उत्साह और एकता के अद्भुत संगम के सहभागी बन सके। सम्मेलन के दौरान नगर की महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा भी निकाली जाएंगी।

## फिर चाकूबाजी की घटना, 3 घायल

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर में फिर से चाकूबाजी की घाटना हो गई। इसमें तीन लोग घायल हो गए हैं। जिनका असपताल में उपचार किया गया।

शहर में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब छोटी-छोटी बातों पर भी चाकूबाजी जैसी गंभीर वारदातें हो रही हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो अपराधियों के मन से पुलिस का डर पूरी तरह खत्म हो चुका है, जबकि पुलिस सोशल मीडिया पर रील बनाने और ज्ञान देने में व्यस्त नजर आ रही है।

जानकारी के अनुसार सुभाष नगर ओवरब्रिज क्षेत्र का है। यहां अवैध नल कनेक्शन काटने से नाराज बदमाश मलंग शाह ने आपा खो दिया और मौके पर मौजूद ठेकेदार सहित आसपास के लोगों पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी मलंग शाह को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, सवाल अब भी जस का तस बना हुआ है कि आखिर बदमाशों के मन से पुलिस का खौफ क्यों खत्म होता जा रहा है। गौरतलब है कि शहर में चाकूबाजी की घटनाएं कोई नई बात नहीं रह गई हैं। लगभग हर दूसरे दिन कहीं न कहीं ऐसी वारदात सामने आ रही है, जिससे आम जनता में डर का माहौल बना हुआ है। लोग पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं।

## पानी, दवा और हवा में जहर, यह भाजपा का अमृत काल : प्रताप ग्रेवाल

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** राहुल गांधी के नेतृत्व में इंदौर कांड के खिलाफ राजव्यापी प्रदर्शन में रतलाम जिले से 3000 कार्यकर्ता जाएंगे। यह

**इन्दौर के प्रदर्शन में रतलाम से 3000 कार्यकर्ता होंगे शामिल**

निर्णय जिला तथा शहर कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी सभागृह में आयोजित बैठको में लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी तथा विधायक प्रताप ग्रेवाल ने कहा कि भाजपा के अमृत काल में, दवा में भी जहर है, हवा में भी जहर है, पानी में भी जहर है। लोग मर रहे हैं और मुख्यमंत्री संख्या गिन रहे हैं। ग्रेवाल ने कहा कि आदरणीय राहुल जी के इंदौर आगमन पर आयोजित राज्य व्यापी प्रदर्शन में भाजपा के कुशासन की पोल खोली जायेंगी। तीन इंजन की सरकार में महानगर में लोग पानी से मरे, मुख्यमंत्री को त्यागपत्र दे देना




चाहिए। जिला अध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत ने कहा कि इंदौर की घटना एक चेतावनी है, और जिला प्रशासन अगर इस चेतावनी पर नहीं जागा तो हम जिले की ईट से ईट बजा देंगे। गहलोत ने कहा कि इंदौर के प्रदर्शन में रतलाम से 3000 कार्यकर्ता जाएंगे। शहर अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा ने कहा कि हम 2 साल से रतलाम में गंदे पानी की लड़ाई सड़क पर और निगम परिषद में लड़ रहे हैं। नगर निगम में सत्ताधारी नेताओं को और अधिकारियों को जनता की नहीं अपने कमीशन की चिंता है। हम रतलाम को इंदौर नहीं बनने देंगे। पूर्व विधायक पारस सकलेचा, ने भी सम्बोधित किया। पूर्व शहर अध्यक्ष महेन्द्र कटारिया, यासमीन शेरानी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम चौहान, रामचंद्र धाकड़, वहीद शेरानी नासिर कुरैशी, राजीव रावत, प्रदीप राठौर, मेहमूद शेरानी, शांतु गवली, सैयद जैदी, निलेश शर्मा, राजनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

## सांवरिया कॉलोनी के 60 परिवारों का विधायक को ज्ञापन

**जावरा।** विधानसभा क्षेत्र की सांवरिया कालोनी के 60 से अधिक परिवारों ने कॉलोनी की गंभीर समस्याओं को लेकर विधायक डॉं राजेन्द्र पाण्डे से मुलाकात की, जिसमे बुर्जुग भी शामिल थे। विधायक को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि कॉलोनी में सड़क, नाली, दूषित पेयजल, भूजल में नाली के पानी का रिसाव तथा पार्किंग भूमि पर अवैध कब्जों जैसी समस्याओं का उल्लेख किया गया। कॉलोनीवासियों ने बताया कि समस्याओं की गंभीरता को देखते हुए विधायक पांडेय ने तत्काल प्रभाव से मुख्य नगर पालिका अधिकारी, संबंधित इंजीनियर एवं एसडीएम को तलब किया और समस्याओं के शीघ्र व प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक ने कॉलोनीवासियों को यह विश्वास दिलाया कि मैं आपके कष्टों को अपना कष्ट समझता हूँ और आपकी समस्याओं के समाधान के लिए अपनी पूरी शक्ति लगाकर, स्वयं खड़े होकर कार्य करवाऊँगा। विधायक आज शनिवार को दोपहर में प्रशासनिक टीम के साथ कालोनी का स्थल निरीक्षण कर सकते है।

## त्र्यंबकेश्वर बस्ती में 26 को हिंदू सम्मेलन, कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**जावरा।** त्र्यंबकेश्वर बस्ती में 26 जनवरी 2026 सोमवार को हिंदू सम्मेलन होगा। कार्यालय का उद्घाटन हुआ एवं समिति का गठन भी किया गया। बस्ती प्रमुख अपार दसेड़ा ने बताया की हिंदु सम्मेलन करने के लिए कार्यालय उद्घाटन सरस्वती शिशु वाटीका कश्मीरी गली पर किया गया, कार्यालय उद्घाटन मे अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ चालक तेजराम मंगरोदा, जिला कार्यवाह लक्ष्मीनारायण पाटीदार, नगर कार्यवाह आकाश भावसार, समाजसेवी देवेंद्र शर्मा, समाजसेवी रामचंद्र पोरवाल की उपस्थिति मे हुआ, उद्घाटन के पश्चात बैठक में माननीय संघचालक तेजराम मांगरोदा ने कहा कि हिंदू समाज संस्कृति और संस्कारों को संरक्षित करने के लिए संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित करके जो हमारी चिर पुरातन हिंदू



संस्कृति और विरासत है उन्हें हम संरक्षित कर सके वह सामाजिक भेद है उन्हें मिटकर संपूर्ण हिंदू समाज में एकता व समरसता का भाव जागृत कर सके। अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

**समिति का सर्व सम्मति से किया गठन:** हिंदू सम्मेलन को लेकर त्र्यंबकेश्वर बस्ती में समिति का सर्व सम्मति से गठन किया गया। जिसमें हिन्दू सम्मेलन संयोजक दीपक पोरवाल, सहसंयोजक नमन गंगवाल, प्रतीक मंदलिया, पंकज कांठेड़ घोडावाला, आशीष चपडोद, कोषाध्यक्ष पुष्पक चौरसिया, सहकोषाध्यक्ष अंकित पोरवाल, कार्यालय प्रमुख बाबुलाल सांखला, वेदांत पोरवाल महिला प्रमुख सोनल पगारिया, रीता सोनी, रूपा ओस्तवाल, वर्षा अरोरा को बनाया गया। बैठक मे बस्ती के महेन्द्र अग्रवाल, पियूष चौधरी, अर्हम आंचलिया, संदीप रांका, आदित्य सर्राफ, दिव्य उपाध्याय, वैभव चौपड़ा, मुकेश सौलंकी, मंथन सोनी, गौरव लुनिया, ऐश्वर्य पगारिया, भावेश मंगल, हार्दिक मेहता, सतीश हेमावत, पवन परमार, समकीत धाड़ीवाल, सार्थक मेहता, संभव आंचलिया, राहुल पोरवाल, लवीश ओस्तवाल, नागेश पोरवाल, सौरभ पगारिया, सानिध्य पोरवाल, सुरेश सौलंकी, केदार पोरवाल, ललीत पंवार, सिद्धम आंचलीया उपस्थित थे।

**प्रयास** | एचआईवी एड्स एवं नशे की प्रवृत्ति से युवाओं को कैसे बचाएं पर हुई परिचर्चा

## नुक्कड़ नाटक से जन जागरूकता का दिया संदेश

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ एजी.पठान की उपस्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम एव उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के उपलक्ष में यूथ रेडक्रॉस के अंतर्गत सेवा सप्ताह के तहत 9 जनवरी शुक्रवार को स्वस्थ युवा, स्वस्थ भारत एवं नशामुक्त समाज के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक व परिचर्चा का आयोजन कर जन जागरूकता का संदेश दिया।

एचआईवी एड्स एवं नशे की प्रवृत्ति से युवाओं को कैसे बचाएं विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.एजी.पठान ने जीवन एक सुंदर यात्रा है, इसे नशीले पदार्थों से बर्बाद न करने की सलाह देते हुए कहा कि नशा



एक बहुत ही भयंकर गंदगी है, जो की दिन- प्रतिदिन समाज मे धुए की तरह फैलती जा रही है। नशा करना तो दूर नशा करने के लिए प्रेरित करना भी एक घोर पाप है। नशे के कारण लोग दिन - प्रतिदिन हिंसा, शोषण, बलात्कार, दुर्घटना जैसे अमानवीय कृत्य हो रहे। इसलिए हमे नशे से दूर करने के लिए उन्हें समझाना चाहिए और नशे के विरूद्ध आवाज उठाना चाहिए, जिससे समाज खुशहाल जीवन बिता सकेगा। नशे की वजह से आज का युवा दिग्भ्रमित होकर एचआईवी एड्स, टीबी, कैंसर आदि लाईलाज बीमारियों से ग्रसित हो रहा है, अत: हमें युवा धन को एड्स एवं नशे की प्रवृत्ति से बचाना होगा। उन्होंने उपस्थित स्टॉफ सहित सभी विद्यार्थियों को जीवन में नशा नहीं करने की प्रतिज्ञा दिलवाई। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.नारायण पाटीदार, ने महाविद्यालय में संचालित रेड रिबन क्लब के बारे में जानकारी देते हुए नशे की प्रवृत्ति और दुष्परिणामों से निपटने हेतु शासन -प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं व्यवस्था के बारे में जानकारी दी।

### नशे से जुड़े कलंक को कम करने में मिल सकती है मदद

प्रो.रमेश वसुनिया ने कहा कि नशीले पदार्थों को ना कहें और जीवन के अवसरों को हां कहें। नशा के उपचार विकल्पों में विषहरण, परामर्श, चिकित्सा और सहायता समूह शामिल हैं। इन उपायों का उद्देश्य व्यक्तियों को ठीक होने और समाज में फिर से शामिल होने में मदद करना है। एचआईवी एड्स और नशे के दुष्परिणामों पर विद्यार्थियों ने सवाल जवाब भी किया। इस अवसर पर प्रो.संगीता जटिया, डॉ.प्रकाश परमार, डॉ.भावना भट्ट, प्रो.रमेश वसुनिया, डॉ.नारायण पाटीदार, डॉ.नीलू कौशिक, डॉ.दुष्यंत भदौरिया, लवकुश पाटीदार सहित विद्यार्थीगण मौजूद थे।